पंजाब केसरी 01/11/2023

# जोनल लैवल विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 25 टीमों ने लिया भाग, टीम-ई रही अव्वल

अम्बाला, 31 अक्तूबर (कोचर): कैंट के जी.एम.एन. कॉलेज में हरियाणा साइंस काउंसिल फॉर साइंस एंड टैक्नोलॉजी द्वारा जोनल लैवल साइंस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें अम्बाला के विभिन्न सरकारी, प्राइवेट व सहायता प्राप्त महाविद्यालयों की कुल 25 टीमों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में विजेता रही टीम के सदस्यों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

इनमें पंचकूला, अम्बाला, कुरुक्षेत्र, कैथल व यमुनानगर की टीमें भी शामिल रहीं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डा. राहुल तनेजा, साइंटिस्ट, हरियाणा काउंसिल फॉर साइंस इनोवेशन एंड टैक्नोलॉजी, जबकि गैस्ट ऑफ ऑनर के तौर पर इकबाल ने शिरकत की।

वहीं क्विज मास्टर की भूमिका डा. रविकांत और डा. संदीप, डिपार्टमैंट ऑफ कैमिस्ट्री गवर्नमैंट कॉलेज भिवानी ने निभाई। मुख्य अतिथि डा. तनेजा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को (एच.एस.सी.एस.टी) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास से संबंधित बहुत-सी स्कीमों की जानकारी दी।

डा. सीमा कंसल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जी.एम.एन. कॉलेज में आयोजित विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देना एवं वैज्ञानिक जागरूकता पैदा करना है।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के परिणामों में प्रथम स्थान पर टीम-ई, मुकुंद लाल नैशनल कॉलेज यमुनानगर से योगराज, वंशिका, शुभम, द्वितीय स्थान पर टीम-बी, गवर्नमैंट पी.जी. कालेज अंबाला कैंट से अनीशा, निधि शर्मा करन, तृतीय स्थान पर टीम-जी एस.डी. कॉलेज कैथल से नीरज, जयदेव, अवनीत रहे।

इस मौके पर भौतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष डा. एस.के. पांडे, डा. शिखा जग्गी, डा. कुलदीप, डा. नेहा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

वहीं कॉलेज के इतिहास विभाग एवं एन.एस.एस. यूनिट द्वारा प्राचार्य डा. रोहित दत्त के दिशा-निर्देशानुसार सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के मौके पर कॉलेज में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने भारत की एकता, संप्रभुता, शांति को अखंड बनाए रखने की शपथ ली।

इसके अलावा कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग और महिला प्रकोष्ठ ने करवाचौथ पर्व के मौके पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया।

कार्यक्रम की संयोजिका डा. सीमा कंसल रहीं। कार्यवाहक प्राचार्या डा. सीमा कंसल ने कार्यक्रम में भाग लेने वाली छात्राओं को प्रेरित किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में उत्साह व उमंग का संचार करते हैं।